प्राचार्या कार्यालय,
भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान, पावापुरी, नालन्दा- 803115
E-mail: principal.vims.pawapuri@gmail.com Website- www.vimspawapuri.org

पत्रांक – 433 पावापुरी, दिनांक 01 / 04 / 2026

कोटेशन आमंत्रण सूचना

दिनांक 05 / 02 / 2026 को आहूत क्रय समिति की बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में प्राचार्य कार्यालय, अधीनस्थ कार्यालयों, केन्द्रीय पुस्तकालय आदि में **50 MBPS Internet Connection (Lease Line)** की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त NMC नई दिल्ली के पत्रांक 46854, दिनांक 17.10.2022 के आलोक में CCTV Camera Live देखे जाने हेतु अलग से **100 MBPS Internet Connection (Lease Line)** अर्थात् कुल **150 (एक सौ पचास) MBPS Internet Connection (Lease Line)** उपलब्ध कराया जाना है।

उक्त कार्य हेतु एक वर्ष के लिए फर्मों आदि से जो आयकर एवम् GST में निबंधित हों तथा Black listed नहीं हों, से कोटेशन आमंत्रित किया जाता है। कोटेशन में इस्तेमाल में आने वाली सामग्री यथा Optical Fibre Cable etc सामग्री आदि का मूल्य, यदि लागू हो, वार्षिक दर (रख रखाव सहित) अन्य आदि (यदि हो) का विवरण देना अनिवार्य है। न्यूनतम वार्षिक दर (रख रखाव सहित) वाले दर दाता को कार्यादेश दिया जायेगा। विपत्र का भुगतान प्रति छः माह पर किया जायेगा। कार्य संतोषप्रद रहने पर अधोहस्ताक्षरी/क्रय समिति के द्वारा तय दर पर अवधि बढ़ायी जा सकती है तथा असंतोषप्रद रहने पर एक माह का नोटिस देकर कार्यावधि समाप्त की जा सकती है। कोटेशन निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के द्वारा अथवा बंद लिफाफे में हाथों हाथ उपलब्ध कराया जा सकता है। अन्य माध्यम के द्वारा उपलब्ध कराया गया कोटेशन अमान्य होगा। कोटेशन दिनांक 11 / 04 / 2026 को अपराह्न 05:00 बजे तक अवश्य प्राप्त हो जाने चाहिए। उक्त तिथि एवं समय के बाद प्राप्त कोटेशन अमान्य होंगे।

कोटेशन निरस्त करने/तिथि विस्तारित करने एवं अन्य किसी निर्णय लिये जाने का अधिकार क्रय समिति/अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा। इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जायेगा। विशेष जानकारी हेतु मो० नं० 8668753033 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

01/4/26
प्राचार्या
भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान,
पावापुरी, नालन्दा।

ज्ञापांक – 433 पावापुरी, दिनांक 01 / 04 / 2026

प्रतिलिपि – श्री संजीव कुमार रंजन, डाटा इन्ट्री ऑपरेटर, भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान पावापुरी, नालन्दा को आदेशित है कि आज ही इस कोटेशन आमंत्रण सूचना को संस्थान के वेबसाइट एवम् सूचना पट्ट पर प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।

01/4/26
प्राचार्या
भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान,
पावापुरी, नालन्दा।